कार्यालय वन मण्डल अधिकारी उत्तर वन मंडल सागर म.प्र.

E-mail :- dfotnsagar@mp.gov.in; Phone & Fax No. :- 07582-236337

क्रमांक/मा.चि./19/ 1771 सागर, दिनांक -28-6-19

प्रति,

कार्यपालन यंत्री
जल संसाधन संभाग क्रमांक–01
सागर म.प्र.

विषय :- सागर जिले के अंतर्गत कैथ मध्यम सिंचाई परियोजना के निर्माण हेतु 79.912 हे. वनभूमि जल संसाधन विभाग को उपयोग पर देने बावत्।

संदर्भ :- वन मंडल अधिकारी दक्षिण सागर का पत्र क्रमांक/मा.चि./3972 दिनांक 03.12.2018. (आपके कार्यालय द्वारा पत्र प्रस्तुत करने का दिनांक 27.06.2019)

— 0 —

विषयांकित संदर्भित पत्र आपके कार्यालय के संबंधित अधिकारी द्वारा इस कार्यालय में दिनांक 27.06.2019 को प्रस्तुत किया गया है, प्रस्ताव में भारत सरकार द्वारा पत्र क्रमांक/8–सी/2018–एफ.सी. दिनांक 23.10.2018 से प्रभावित वनभूमि रकबा 79.912 हे. की सशर्त सैद्धान्तिक स्वीकृति जारी की गयी है, स्वीकृति में अधिरोपित शर्त क्रमांक–05 के अनुसार विवरण निम्नानुसार है :–

शर्त क्रमांक	शर्त का विवरण	केम्पा मद में जमा करने हेतु निर्धारित राशि
V	क्षतिपूर्ति वनीकरण की योजना अवधि वर्ष 2020–21 से 2029–2030 रकबा 79.912 हे. ग्राम फुलवारी खसरा क्रमांक 1, 43	2,33,17,801.00 (Two Carores Thirty three lac Seventeen Thousand Eight hun. one only)

उपरोक्त राशि भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली के ई–पोर्टल के माध्यम से केम्पा मद में उक्त राशि जमा करें, जमा राशि होने के प्रमाणीकरण हेतु प्रमाणित अभिलेख एवं वृक्षारोपण हेतु हस्तांतरित गैर वनभूमि ग्राम फुलवारी खसरा नंबर 1, 43, रकवा 79.912 हे. तहसील शाहगढ़ को वनभूमि घोषित कराने हेतु राजस्व विभाग द्वारा जारी प्रमाण–पत्र इस कार्यालय में पालन प्रतिवेदन के साथ प्रस्तुत किये जावें।

28.6.19

वन मंडल अधिकारी
उत्तर वन मंडल, सागर

पृ.क्रमांक/मा.चि./2019/ 1772 सागर, दिनांक -28-6-19

प्रतिलिपि :- मुख्य वन संरक्षक सागर वन वृत्त सागर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

2) वन मंडल अधिकारी दक्षिण सागर वन मंडल को उनके संदर्भित पत्र के अनुक्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

3) उप वन मंडल अधिकारी बण्डा एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी शाहगढ़ को सूचनार्थ। कैथ मध्यम परियोजना अंतर्गत हस्तांतरित गैर वनभूमि ग्राम फुलवारी, खसरा नंबर 1, 43, रकवा 79.912 हे. तहसील शाहगढ़ को वनभूमि घोषित कराने हेतु मौका कब्जा प्राप्ति पंचनामा, सीमांकित क्षेत्र का मानचित्र जी.पी.एस. रीडिंग सहित एवं अधिसूचना प्रारूप इस कार्यालय को अतिशीघ्र भेजें।

वन मंडल अधिकारी
उत्तर वन मंडल, सागर

28/6/19

Scanned by CamScanner